# आकाशवाणी शिमला
## 28.02.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

**सर्विकल कैंसर**

प्रदेश में 64 हज़ार से अधिक बच्चियों को सर्विकल कैंसर से बचाने के लिए एच.पी.वी टीके लगाए जाएंगे। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज शिमला के आईजीएमसी में सर्विकल कैंसर के खिलाफ राज्य स्तरीय एच.पी.वी टीकाकरण अभियान के शुभारंभ अवसर पर ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैंसर के मामलों में हिमाचल देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है और राज्य सरकार ने कैंसर के मामलों में कमी लाने के लिए प्रभावी कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री ने डॉक्टरों, अभिभावकों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को एच.पी.वी टीकाकरण को लेकर बच्चियों को जागरूक करने का आह्वान किया।

**किरेन रिजिजू**

केंद्रीय संसदीय कार्य व अल्पसंख्यक मामले मंत्री किरेन रिजिजू आज दो दिवसीय दौरे पर चंबा पहुंचे। उन्होंने आज ढुंडियारा बंगल में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ विकास कार्यों को लेकर चर्चा की। किरेन रिजिजू ने प्रसिद्ध पर्यटन स्थल डलहौजी व खजियार का दौरा भी किया। वे कल भंजराड़ू में आईटीआई भवन व खेल स्टेडियम और सलूणी में इंडोर स्टेडियम की आधारशिला रखेंगे।

इससे पहले आज सुबह गग्गल हवाई अड्डे पहुंचने पर पत्रकारों से बातचीत में किरेन रिजिजू ने कहा कि जनजातीय व दुर्गम क्षेत्रों का विकास केन्द्र सरकार की प्राथमिकता है और इन इलाकों के लिए कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

**हर्षवर्धन**

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा है कि प्रदेश में औद्योगिक विकास राज्य सरकार की प्राथमिकता है लेकिन इसमें पर्यावरण संरक्षण का ध्यान रखना भी ज़रूरी है। उन्होंने आज सोलन नगर निगम की परिधि में खतरा बन चुके पेड़ों को काटने के लिए प्रस्तावित स्थलों का निरीक्षण किया। हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि भविष्य में उन्हीं स्थानों पर पेड़ों को काटने की अनुमति दी जाएगी जहां जान–माल का संभावित खतरा हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि एक पेड़ काटने के एवज में 5 पेड़ लगाना अनिवार्य होगा। उद्योग मंत्री ने सोलन ज़िले के औद्योगिक क्षेत्र बद्दी–बरोटीवाला–नालागढ़ में सड़कों की दशा सुधारने की बात भी कही।

**राजीव बिंदल**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने राज्य सरकार पर सैंकड़ों शिक्षण संस्थान बंद कर बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने के आरोप लगाया है। धर्मशाला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि सत्ता में आते ही कांग्रेस सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन और युक्तिकरण के नाम पर लगभग 2 हज़ार स्कूलों को बंद कर दिया है। बिंदल ने कहा कि अपने 40 महीनों के कार्यकाल में राज्य सरकार ने अनेक जनविरोधी निर्णय लिए हैं। उन्होंने कांग्रेस सरकार पर वन, खनन और चिट्टा माफिया को बढ़ावा देने का आरोप भी लगाया।

**यूजीसी**

यूजीसी के नए नियमों के समर्थन में प्रदेश के अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग एकजुट हो गए हैं। इन वर्गों के लोगों ने आज धर्मशाला में एक रैली निकाली और दाड़ी मेला ग्राउंड में जनसभा की। इस दौरान यूजीसी के समर्थन में नारेबाजी की गई। ओबीसी संघर्ष समिति के अध्यक्ष सौरभ कौंडल ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के आदेश पर यूजीसी के नए नियम बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि इन नियमों के बारे में आरक्षित वर्गों को जागरूक किया जाएगा।